# नपा अध्यक्ष के वित्तीय अधिकार पर हाईकोर्ट ने लगाई अंतरिम रोक

**फैसले को चुनौती देने डिवीजन बेंच में अपील करने की तैयारी में नपाध्यक्ष**

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** जावरा नगर पालिका अध्यक्ष अनम कड़पा के वित्तिय अधिकार इंदौर हाईकोर्ट के आदेश पर वापस लेते हुए वित्तिय अधिकारों पर अंतरिम रोक लगाई हैं। कोर्ट ने कहा कि गजट नोटिफिकेशन के बिना अध्यक्ष अपने वित्तिय अधिकारियों का उपयोग नहीं कर सकेंगे।

कोर्ट ने यह आदेश नगर पालिका जावरा के वार्ड क्रमांक 11 की पार्षद रुकमण राजेश धाकड़ द्वारा दायर याचिका पर आया है, जिसमें अध्यक्ष के निर्वाचन के बावजूद गजट नोटिफिकेशन जारी न होने को आधार बनाया गया था। बताते चले की, सन् 2022 में प्रदेश भर में नगरीय निकायों के चुनाव संपन्न हुए थे। जिनमें प्रदेश के सभी नगर निगम में महापौर के चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से हुए थे, जबकि प्रदेश के सभी नगर पालिका, नगर परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली के आधार पर होकर पार्षदों द्वारा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव किया था। इसी कड़ी में जावरा नगर पालिका में अध्यक्ष का चुनाव पार्षदों द्वारा किया गया था, जिसमें वार्ड क्रमांक 3 की पार्षद अमन मोहम्मद युसुफ कड़पा को नपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया था। लेकिन शासन स्तर पर अब तक उसका गजट नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया। इसी मुद्दे को लेकर रुकमण राजेश धाकड़ ने 17 मार्च 26 को इंदौर हाई कोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें कहा गया था कि बिना गजट नोटिफिकेशन के पद की वैधता अधूरी है। ऐसे में हाईकोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तथ्यों के आधार पर जावरा नपाध्यक्ष अनम कड़पा के वित्तिय अधिकार तत्काल प्रभाव से वापस लेने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कोर्ट द्वारा मामले में नोटिस भी जारी किया गया हैं। मामले में अगली सुनवाई 4 मई को निर्धारित की गई हैं। इधर, नगर पालिका अध्यक्ष अनम यूसुफ कड़पा ने इस फैसले को चुनौती देने की बात कही है और जल्द ही डिवीजन बेंच में अपील करने की तैयारी में हैं।

**कोर्ट में क्या हुआ ?**

हाईकोर्ट में आईए नंबर 2508/2026 पर सुनवाई हुई, जिसमें तकनीकी कमियों को नजरअंदाज करने की मांग की गई थी। कोर्ट ने कारणों से संतुष्ट होकर कमियों को माफ कर आवेदन मंजूर कर दिया। इसके बाद मामले में एडमिशन और अंतरिम राहत पर सुनवाई की गई। याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट को बताया कि इसी तरह का मामला डब्ल्यू पी नं. 10957/2024 में पहले ही विचाराधीन रहा है, जहां अंतरिम राहत दी जा चुकी हैं। इस आधार पर कोर्ट ने भी समानता बनाए रखने का रुख अपनाया।

**हाईकोर्ट का यह फैसला निकायों पर डालेगा सीधा असर**

यह मामला सिर्फ जावरा तक सीमित नहीं है। दरअसल पूरे मध्यप्रदेश में नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पार्षदों द्वारा ही चुने गए थे। लेकिन प्रदेश की इन सभी नगर पालिकाओं और नगर परिषदों में अध्यक्ष उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर सरकार ने गजट नोटिफिकेशन जारी नहीं किया। ऐसे में पूर्व में ग्वालियर हाई कोर्ट ने भी ऐसी ही एक मामले में अपना निर्णय देते हुए संबंधित नपाध्यक्ष के वित्तिय अधिकारी वापस लिए थे, इसी आधार पर इंदौर हाई कोर्ट ने भी यही निर्णय दिया हैं। ऐसे में हाईकोर्ट का यह फैसला अब सैकड़ों नगरीय निकायों के अध्यक्ष-उपाध्यक्षों की स्थिति पर सीधा असर डाल सकता हैं।

**प्रदेश की नगरीय व्यवस्था के लिए एक बड़ा संकेत**

विशेषज्ञों का मानना है कि अगर इसी आधार पर अन्य जगहों पर भी याचिकाएं लगती हैं तो प्रदेश के कई अध्यक्षों के अधिकार सीमित या समाप्त हो सकते हैं। इससे प्रदेशभर में प्रशासनिक और राजनीतिक संकट खड़ा होने की संभावना हैं। अब सबकी नजरें इस पर टिकी हैं कि क्या सरकार जल्द गजट नोटिफिकेशन जारी करेगी? या फिर मामला और अधिक अदालतों में उलझेगा? वहीं, अध्यक्ष द्वारा की जाने वाली अपील इस पूरे मामले की दिशा तय करेगी। हाईकोर्ट का यह आदेश केवल एक नगर पालिका का मामला नहीं, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश की नगरीय व्यवस्था के लिए एक बड़ा संकेत हैं।

**एक नजर में**

## धौसवास-रतलाम खंड में ए.सी. 25 केवी विद्युत कर्षण चालू

**रतलाम।** यात्रियों की सुविधा, संरक्षा एवं रेल परिचालन के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के अंतर्गत पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल नीमच-रतलाम रेल खंड का दोहरीकरण कार्य प्रगति पर है तथा इस खंड का एक बड़ा हिस्सा दोहरीकृत एवं विद्युतीकृत किया जा चुका है। इसी क्रम में धौसवास-रतलाम खंड में भी दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण का कार्य जारी है तथा इस खंडमें ए.सी. 25 के.वी., 50 हर्ट्ज विद्युत शिरोपरि कर्षण प्रणाली को चालू किया जा रहा है। रतलाम मंडल जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार नीमच-रतलाम रेल खंड के मध्य धौसवास से रतलाम तक नवीन दोहरीकृत रेल लाइन पर 22 मार्च 2026 को 25,000 वोल्ट ए.सी. विद्युत शिरोपरि कर्षण तारों को ऊर्जित किया जाएगा। उक्त तिथि से यह शिरोपरि कर्षण लाइन हर समय विद्युन्मय रहेगी। सार्वजनिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, सभी राजमार्गों एवं सड़क मार्गों पर सड़क सतह से 4.78 मीटर की स्पष्ट ऊँचाई पर हाइट गेज लगाए गए हैं, ताकि अत्यधिक ऊँचाई वाले लोड को विद्युतमय कर्षण तारों की खतरनाक सन्निकटता अथवा संपर्क में आने से रोका जा सके। सार्वजनिक सुरक्षा के हित में सभी संबंधितों से अपील है कि उपरोक्त निर्देशों का पूर्णत: पालन करें तथा किसी भी प्रकार की अनाधिकृत गतिविधि से दूर रहें।

## यूके चैप्टर के द्वारा भव्य आयोजन संपन्न



**रतलाम।** ब्रिटेन की संसद के हाउस ऑफ कॉमन में बड़े उत्साह और गर्व के साथ 'राजस्थान दिवस' मनाया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथियों, सामुदायिक नेताओं और राजस्थानी प्रवासी समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में कई प्रमुख गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें सांसद बॉब ब्लैकमैन (पद्म श्री), लॉर्ड रामी रेंजर, तथा महेंद्र सिंह जडेजा शामिल थे। राजस्थान फाउंडेशन यूके चैप्टर के प्रमुख प्रतिनिधि भी इस समारोह में उपस्थित रहे, जिनमें अध्यक्ष अजय अग्रवाल, उपाध्यक्ष डॉ. प्रहलाद राम फरोड़ा, सचिव सुमित जालान, संयुक्त सचिव राखी सिंह गेहलोत, कोषाध्यक्ष रामनरेश सोनी तथा कार्यकारी सदस्य मयूरी चोरड़िया, बृज हल्दानिया, आनंद सिंह तंवर, सुरेंद्र सिंह शेखावत, संजना कर्णाणी, अभिषेक व्यास और चेतना आर. चौहान शामिल थे। कार्यक्रम की महत्ता को और बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री भजनलालजी शर्मा ने वर्चुअल रूप से संबोधित किया। उनके साथ आईएएस आयुक्त मनीषा अरोड़ा और अमित सिंघल भी जुड़े, जो राजस्थान और उसके वैश्विक प्रवासी समुदाय के बीच मजबूत संबंधों को दर्शाता है। इस अवसर पर राजस्थान के उन उत्कृष्ट व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने समाज और सामुदायिक सेवा में उल्लेखनीय योगदान दिया है। यह समारोह न केवल राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव था, बल्कि दुनिया भर में बसे राजस्थानियों की उपलब्धियों और योगदान का भी प्रतीक बना। इसने राजस्थानी समुदाय में एकता और गर्व की भावना को और मजबूत किया तथा भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच सांस्कृतिक एवं सामाजिक संबंधों को सुदृढ़ किया।

## हर राहगीर तक पहुंचे सकोरा, तभी सफल होगा जीव दया का संकल्प,किए सकोरे वितरित

**जावरा।** गुड़ी पड़वा के पावन अवसर पर मूक पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन द्वारा सकोरे (जल पात्र) वितरण का अभिनव आयोजन किया गया। यह सेवा कार्य स्वर्गीय श्रीमती रजनी अरोड़ा (धर्मपत्नी श्री हरिनारायण अरोड़ा) एवं स्वर्गीय श्रीमती कुसुमबाई मांडोत (धर्मपत्नी स्व. श्री शांतिलालजी मांडोत 'कलाकंद सेठ') की पुण्य स्मृति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम भावना स्टूडियो पर आयोजित किया गया, जहाँ बिना किसी औपचारिक मंच या भाषण के राह चलते आमजन को सहज रूप से नि:शुल्क सकोरे वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य यही रहा कि हर आम और खास व्यक्ति आसानी से सकोरा लेकर अपने घर की छत या आंगन में रख सके, जिससे गर्मी में प्यासे पक्षियों को पानी मिल सके। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के जिला अध्यक्ष राजकुमार हरण ने बताया कि जब हर राहगीर तक यह संदेश पहुंचेगा और हर घर की छत पर एक सकोरा रखा जाएगा, तभी यह अभियान सार्थक होगा। छोटा सा प्रयास भी हजारों पक्षियों के लिए जीवनदान बन सकता है। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री शेखर नाहर, संभागीय अध्यक्ष सुरेन्द्र सुराणा, जिला अध्यक्ष राजकुमार हरण,जिला उपाध्यक्ष कनकमल चोरड़िया, जिला मंत्री आशीष सकलेचा, जिला मीडिया प्रभारी प्रतीक लोढ़ा, देवेन्द्र धाड़ीवाल, संजय हरण, भावेश हरण, अंकित हरण, श्रेणिक कुमार मांडोत, उमेश कुमार मांडोत, राजेश कुमार मांडोत, राजेश संघवी, अरविंद जैन, रवि मांडोत, राजेश भाचावत, यश मांडोत, निखिल मांडोत, बंशी पोरवाल सहित अनेक नागरिकों ने सहभागिता निभाई।

# 'मंत्रों की गूंज, आस्था का उजास' के साथ नवरात्रि पर हवन-यज्ञ का शुभारंभ



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** नवरात्रि पर्व के साथ ही मदिरों में 'मंत्रों की गूंज, आस्था का उजास' के साथ नवरात्रि पर हवन-यज्ञ संग भक्ति का शुभारंभ हो गया हैं। ऑफिसर्स कॉलोनी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 9 दिवसीय चैत्र नवरात्रि यज्ञ, हवन पं. राजेंद्र उपाध्याय, पं.रवि मेहता, पं.शुभ पाठक के मंत्रोचार के साथ यजमान सुनील मेहता ने सपत्नी हवन में आहुति दी। इसके बाद आरती कर महोत्सव की शुरुआत हुई। ट्रस्टी एवं व्यवस्थापक सुनील राठौर ने बताया कि मंदिर परिसर में रामलाल एवं माताजी की आकर्षक श्रृंगार एवं मंदिर पर विद्युत सज्जा की गई। प्रतिदिन प्रात 9 बजे से हवन तथा रामनवमी पर पूर्णाहुति होगी। साथ ही कन्या भोज के साथ प्रसादी वितरित किया जाएगा। इस अवसर पर समाजसेवी प्रकाशचंद्र व्यास, उषा भार्गव, अशोक सोमानी,दिनेश परमार, संजय चौहान, विपिन त्रिवेदी उपस्थित रहे।

**वैश्य समाज ने निकाली भव्य वाहन रैली**

महासम्मेलन मध्यप्रदेश के तत्वावधान में जिला इकाई रतलाम द्वारा 'वैश्य दिवस', चैत्र नवरात्रि, गुड़ी पड़वा एवं हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर शहर में एक विशाल 'वैश्य चेतना रैली' का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरा मार्ग केसरियामय नजर आया और समाजजनों ने बड़े ही उत्साह के साथ पारंपरिक विधि से नए वर्ष का स्वागत किया। आयोजन की शुरुआत में उपस्थित अतिथियों और समाजजनों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात शहर के चांदनीचौक से वाहन रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में वैश्य बंधु दुपहिया और वाहनों पर सवार होकर शामिल हुए। रैली के दौरान समाज की एकता और संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया गया। प्रमुख जनों की गरिमामयी उपस्थिति : इस भव्य आयोजन में वैश्य महासम्मेलन के वरिष्ठ पदाधिकारी और समाज सेवी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष ललित जी चोरडिया, जिला प्रभारी संजय छाँजेड, युवा इकाई के जिला अध्यक्ष राज लुनिया, और युवा इकाई के शहर अध्यक्ष सुमित तलेरा ने नेतृत्व किया।

**चेटीचण्ड महोत्सव मनाया:** श्री कालिका माता मंदिर परिसर में स्थित श्री झूलेलाल मंदिर पर चेटीचण्ड (जन्मोत्सव) महोत्सव धूमधाम से मनाया। भगवान श्री झूलेलाल मंदिर में प्रात: 7 बजे हवन कर भगवान झूलेलाल का अभिषेक पंचामृत किया। प्रात: फिर 10 बजे पूज्य गंथ अमरकथा पाठ का समापन कर भोग लगाया गया। श्री कालिका माता सेवा मंडल ट्रस्ट अध्यक्ष राजाराम मोतियानी, हरिश बिंदल, रमेश चोयथानी, पूरन चोयथानी, जयटेक चंदानी, गीता चोयथानी, पुजारी मनोहर मेहता, पंकज मोतियानी, कमलेश मोतियानी सहित बड़ी संख्या समाजजन उपस्थित थे।



# सिलेंडर सप्लाई पर प्रशासन की सख्त नजर

**राजस्व टीम की जांच, होटलों तक पहुंची कार्रवाई**

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** घरेलू गैस सिलेंडर की सुचारु आपूर्ति बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन एक्शन मोड में है। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देश पर राजस्व अधिकारियों ने गैस गोदामों और होटलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अल्पा गैस गोदाम, ललित गैस गोदाम, अपना होटल, छुस्छ होटल और राजभोग भोजनालय की जांच की गई।

अधिकारियों ने गैस सिलेंडर के स्टॉक, वितरण और उपयोग की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। गैस वितरकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि घरेलू उपभोक्ताओं को समय पर और पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं। वहीं होटल संचालकों को भी नियमों के पालन में किसी तरह की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी गई।

प्रशासन की इस सख्ती से गैस आपूर्ति व्यवस्था को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

## फर्जी अंकसूची से लैब असिस्टेंट बने सलमान को 7 वर्ष की सजा

**रतलाम।** फर्जी अंकसूची के आधार पर जिला अस्पताल में लेब असिस्टेंट की नौकरी हासिल करने वाले सलमान पिता अनवर खान (38), निवासी नागझिरी उज्जैन को न्यायालय ने कड़ी सजा सुनाई है। सप्तम अपर सत्र न्यायाधीश राजेश नामदेव ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता की तीन धाराओं में 7-7 वर्ष तथा एक धारा में 2 वर्ष के सश्रम कारावास और 2000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा नहीं करने पर अतिरिक्त कारावास भी भुगतना होगा। प्रकरण के अनुसार, आरोपी ने पिता के निधन के बाद 2015 में अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवेदन प्रस्तुत किया और कक्षा 10वीं व 12वीं की फर्जी अंकसूचियां लगाकर 2016 में जिला चिकित्सालय रतलाम में लेब असिस्टेंट पद पर नियुक्ति प्राप्त कर ली। उसने करीब 97,348 रुपए वेतन भी प्राप्त किया। बाद में सिविल सर्जन द्वारा दस्तावेजों की जांच में अंकसूचियां फर्जी पाई गईं, जिसके बाद 2017 में थाना स्टेशन रोड पर मामला दर्ज कर जांच पूरी कर न्यायालय में चालान पेश किया गया।




# 'गर्मी में राहत का सहारा', नववर्ष पर चलित जल मंदिर सेवा का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** श्री बद्रीनारायण सेवा ट्रस्ट रतलाम के द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन चलित जल मंदिर का शुभारम्भ नूतन वर्ष प्रारम्भ के अवसर पर श्री सनातन धर्म सभा अध्यक्ष अनिल झालानी, ओमप्रकाश सोनी (पेटलावद वाले), दिनेश अग्रवाल के करकमलों से किया गया। चलित जल मंदिर में प्रतिदिन नगर में भ्रमण कर अलग-अलग क्षैत्रों में शीतल पेयजल सेवा प्रदाय की जाती है। इस अवसर पर पं. राजेश मोतीलाल दवे द्वारा त्रिवेणी तट पर वॉटर कूलर लगाने की घोषणा की गई। इस अवसर पर श्री बद्रीनारायण सेवा ट्रस्ट डॉ. राजेन्द्र शर्मा, सचिव नवनीत सोनी, सत्यनारायण पालीवाल, कैलाश झालानी, चेतन शर्मा, मनीष सोनी, विनोत राठौड़, राहुल पंडित, घनश्याम सेन सहित क्षैत्रीय नागरिक गण उपस्थित थे।

# गढ़खंखई माताजी तक निकलेगी पैदल यात्रा कल

**कालिका माता मंदिर से होगा 35 किलोमीटर लंबी यात्रा**

**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर 22 मार्च को सारथी मित्र मंडल द्वारा कालिका माता मंदिर से गढ़खंखई माताजी तक भव्य पैदल यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा 23 मार्च की सुबह गढ़खंखई माताजी पहुंचेगी। करीब 35 किलोमीटर लंबी इस यात्रा का शुभारंभ नगर के कालिका माता मंदिर (घंटाघर) से होगा। यात्रा बस स्टैंड स्थित गणेश मंदिर, राजवाड़ा चौक, दिलीप मार्ग, अडवानिया होते हुए शिवगढ़ पहुंचेगी। यहां रात्रि भोजन एवं विश्राम के बाद श्रद्धालु पुन: प्रस्थान करेंगे और छावनी झोड़ियों होते हुए अलसुबह गढ़खंखई माताजी पहुंचेंगे। सारथी मित्र मंडल के समस्त पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में इस धार्मिक यात्रा में शामिल होने की अपील की है।




## 12 वर्षों से नीम का कड़वा शरबत पिलाकर स्वास्थ्य का संदेश दे रहे समाजसेवी विमल कटारिया

**सैलाना।** नवरात्रि के पावन अवसर पर जहां एक ओर श्रद्धालु मां दुर्गा की भक्ति में लीन रहते हैं, वहीं सैलाना में एक अनोखी परंपरा भी पिछले 12 वर्षों से निरंतर जारी है।समाजसेवी विमल कटारिया द्वारा बस स्टैंड मेन रोड पर स्टॉल लगाकर लोगों को नीम का कड़वा शरबत पिला रहे है, जो सेवा, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता का अनूठा उदाहरण बन चुका है। कटारिया हर वर्ष नवरात्रि के नौ दिनों तक अपने प्रतिष्ठान के सामने यह स्टॉल लगाते हैं। यहां आने-जाने वाले यात्रियों, स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं को वे स्वयं नीम का शरबत पिलाकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हैं। उनका मानना है कि नीम प्राकृतिक औषधि है, जो शरीर को शुद्ध करने के साथ-साथ अनेक रोगों से बचाव में सहायक होती है। उन्होंने बताया कि इस सेवा कार्य की शुरुआत उन्होंने समाज को स्वस्थ बनाने के उद्देश्य से की थी, जो आज एक नियमित परंपरा का रूप ले चुकी है। लोगों में भी इस पहल के प्रति उत्साह देखने को मिलता है और बड़ी संख्या में लोग इस कड़वे शरबत का सेवन कर इसे सकारात्मक रूप से स्वीकार करते हैं। नवरात्रि के इस पावन पर्व पर कटारिया का यह सेवा कार्य न केवल लोगों को शारीरिक रूप से लाभ पहुंचा रहा है।

# मंदिर का दानपात्र का तोड़कर राशि चोरी

**भांग की दुकान का भी ताला बदमाशो ने चटकाया**

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** स्थानीय बस स्टैंड परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में चोरी की वारदात हो गई। साथ ही बस स्टैंड पर भांग की दुकान का ताला भी बदमाशो ने चटकाया, लेकिन यहा से कुछ भी नही मिला तो चोर वापस शटर लगाकर रवाना हो गए।

गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात यहां बस स्टैंड प्रांगण में बनें हनुमान मंदिर के दानपात्र का ताला तोडकर अज्ञात बदमाश उसमें रखी राशि चुरा ले गया। मन्दिर के पुजारी को घटना की सूचना प्रात: 7 बजे मिलने पर उन्होंने पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया और संदिग्ध लोगों से पूछताछ की। बताया जाता है कि दानपात्र में 3 से 4 हजार रुपए की राशि थी। जांच में मन्दिर के कैमरे की रिकॉर्डिंग बंद पाई गई।



मन्दिर समिति अध्यक्ष दिनेश राठौर ने बताया कि मंदिर में दो चैनल गेट लगे हुए हैं। इसमें से एक गेट का ताला चटकाकर बदमाश मन्दिर में घुसा और घटना को अंजाम दिया। समीप ही रहने वाले सुलभ कॉम्प्लेक्स संचालक महेन्द्र ने पुलिस को बताया कि अलसुबह करीबन 5.30 बजे उसने मन्दिर में जाली के पास एक युवक को सोते हुए देखा था, जो बाद में यहां से उठकर चला गया। फिलहाल शहर थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

**एक नजर में** | **स्थानीय पिपली बाजार स्थित जैन मंदिर में वर्ष प्रतिपदा पर आयोजन**

# मंदिर की अखंड ज्योत और अष्टप्रकारी पूजन के चढ़ावों का परिवारों ने लिया लाभ

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** स्थानीय पिपली बाजार स्थित जैन मंदिर में वर्ष प्रतिपदा, नव वर्ष एवं चैत्र सुदी एकम के अवसर पर मंदिर की सभी अखंड ज्योतियों एवं अष्टप्रकारी पूजन के चढ़ावों का शुभारंभ लाभार्थी परिवारों द्वारा विधि-विधान पूर्वक संपन्न हुआ।

इस अवसर पर ढोल-धमाकों और बाजों के साथ समाजजनों ने प्रभु के जयघोष कर उत्साह, श्रद्धा और भक्ति के साथ कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। पूरा मंदिर परिसर धर्ममय वातावरण से गुंजायमान हो उठा। मूलनायक प्रभु श्री सुपार्श्वनाथ भगवान की अखंड ज्योत का लाभ बाबूलाल-वीरेंद्र कुमार खेमसरा परिवार ने लिया। प्रभु श्री आदिनाथ भगवान की अखंड ज्योत का लाभ अजीत कुमार, राजेश कुमार चतर परिवार ने प्राप्त किया। श्री शीतलनाथ भगवान की अखंड ज्योत का लाभ जयंत सेन सूरीश्वरजी प्रतिक्रमण मंडल द्वारा लिया गया। श्री केसरियानाथ भगवान की अखंड ज्योत का लाभ सर्राफ प्रकाश कुमार एवं पीयूष कुमार कांठेड़ ने लिया। श्री पारसनाथ भगवान की अखंड ज्योत का लाभ पारसमल दसेड़ा परिवार ने प्राप्त किया। श्री नवपद भगवान की अखंड ज्योत का लाभ स्वर्गीय हीरालाल, मानकलाल चपड़ोद की स्मृति में चपड़ोद परिवार द्वारा लिया गया। गुरुदेव राजेंद्र सूरीश्वरजी की अखंड ज्योत का लाभ स्वर्गीय सागरमल, मोतीलाल एवं स्वर्गीय सुगनबाई दसेड़ा की पावन स्मृति में दसेड़ा परिवार ने प्राप्त किया। क्षेत्रपाल महाराज की अखंड ज्योत का लाभ तेजमल-मोहित कुमार धम्मानी परिवार ने लिया। श्री नाकोड़ा भैरवदेव की अखंड ज्योत का लाभ महेंद्र कुमार, बाबूलालजी औरा सरसीवाला परिवार,मणिभद्र देव की अखंड ज्योत का लाभ दिलीप कुमार, रवि कुमार चतर परिवार, अष्टप्रकारी पूजन में जल पूजा का लाभ स्व. भीकमचंद आजाद एवं श्रीमती राजकुंवरबाई चोपड़ा की पावन स्मृति में अशोक चोपड़ा, नियुष चोपड़ा एवं विरम चोपड़ा परिवार,चंदन पूजा के लाभार्थी सुरेश कुमार एवं अभय कुमार दसेड़ा,पुष्प पूजा का लाभ श्रीमती संपतबाई, अजीत कुमार चतर परिवार, धूप पूजा लाभार्थी अशोक कुमार एवं अभिषेक कुमार बोर्दिया, दीपक पूजा का लाभ सुशीला देवी, पुत्र धर्मेंद्र कुमार कोलन परिवार, अक्षत पूजा के लाभार्थी दिलीप कुमार, नरेंद्र कुमार एवं गजेंद्र कुमार चौरड़िया लोदवाला परिवार रहे, वहीं फल पूजा का लाभ संघवी स्व.इंद्रमलजी दसेड़ा साफा वाला परिवार ने प्राप्त किया।



**ये रहे उपस्थित**

इस धार्मिक आयोजन में ट्रस्ट मंडल के आजादसिंह ढ़ढा, चंदनमल कोठारी, संदीप श्रीमाल, सुमित दसेड़ा, सुरेश दसेड़ा, संदीप दसेड़ा, पीयूष, अर्पित दसेड़ा, तेजमल धम्मानी, सौरभ औरा, अशोक चोपड़ा, अशोक बोर्दिया, अभिषेक बोरदिया, अजीत पीपाड़ा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। संचालन श्री राजेंद्र जैन श्वेतांबर पेढ़ी ट्रस्ट महामंत्री सर्राफ प्रकाश कांठेड़ ने किया।